**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 06.07.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून न्याय प्रक्रिया को मजबूती देने में काफी कारगर सिद्ध होंगे।
- द्वीपसमूह में बिजली की आपूर्ति में सुधार के लिए विद्युत विभाग की ओर से कई उपाय किए जा रहे हैं।
- विश्व जूनोसेस दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाले जाने के सिलसिले में कल द्वीपसमूह में भी पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल दिन में बारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून न्याय प्रक्रिया को मजबूती देने में काफी कारगर सिद्ध होंगे और त्वरित सजा का ऐलान होगा। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि ट्रायल और जांच पूरी होने के बाद पैंतालीस दिनों के भीतर सजा का ऐलान करने का नए कानून में प्रावधान किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में बिजली की आपूर्ति में सुधार के लिए विद्युत विभाग की ओर से कई उपाय किए जा रहे हैं। मांग को पूरी करने के लिए बम्बूफ्लाट में पी पी ए के तहत दस मेगावाट और

पांच मेगावाट क्षमता के दो किराए पर लिए गए संयंत्र स्थापित किए गए हैं। दो बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं पाईप लाइन में है और इसके दो हजार छब्बीस तक शुरू हो जाने की संभावना है। इससे ग्रिड में स्थिरता आएगी। दीर्घकालिक योजनाओं के तहत केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ऊर्जा मंत्रालय के  निर्देश पर राष्ट्रीय ग्रिड का द्वीपसमूह तक विस्तार करने पर काम कर रहा है। बिजली से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए केन्द्रीयकृत नियंत्रण कक्षा स्थापित किया गया है। शिकायतों के लिए लोग व्हाट्सऐप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ दो दो दो शून्य शून्य पर कॉल कर सकते हैं। शिकायत मिलते ही संबंधित साइट कार्यालयों में निर्धारित समय अवधि के दौरान समाधान करने के लिए इसकी सूचना दी जाएगी। विद्युत विभाग ने लोगों से भी ऊर्जा की सही तरीके से इस्तेमाल करने और बिजली की बर्बादी रोकने का अनुरोध किया है। चुनौतियों के बावजूद विभाग की ओर से बिजली आपूर्ति को सामान्य बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट ग्यारह अगस्त को दो पारियों में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने इसके लिए संशोधित समय–सारिणी जारी की है। यह परीक्षा पिछले महीने होनी थी, लेकिन कुछ अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं पर लगे आक्षेप के कारण इसे ऐन वक्त पर रद्द कर दिया गया था।

<><><><><><><>

विश्व ज़ूनोसेस दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीता मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने पशुओं से मानव में ज़ूनोटिक बीमारियों के फैलने के लक्षण और इनके असरदार बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्वच्छता अपनाते हुए ज़ूनोटिक के संक्रमण से बचने के लिए पशुधन और पालतू जानवरों का नियमित देखभाल करने

का अनुरोध किया। वीडियो के माध्यम से ज़ूनोटिक बीमारी के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउंड की प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेजा पी. ने इस तरह की बीमारियों से बचने के लिए विस्तृत जानकारी देते हुए टीकाकरण और अच्छी तरह से हाथ धोने तथा जंगली या आवारा मवेशियों से दूर रहने को कहा। आयुर्वेद की चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. त्रिवेणी मंजु ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के सिलसिले में कल द्वीपसमूह में भी पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस्कॉन मंदिर में कल सुबह चार बजे मंगला आरती के साथ पूजा आरंभ होगी। दिन में ग्यारह बजे आरती के बाद छप्पन भोग लगाया जाएगा और दिन में दो बजे रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रातरापुर, पत्थरगड्ढा होते हुए भातुबस्ती तक जाएगी। उत्कल समाज की ओर से कल सुबह साढ़े आठ बजे से पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिन में बारह बजे से भोग का वितरण किया जाएगा और दो बजे राजस्थान मंदिर से रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। श्री श्री हरिनाम सेवा संघ की ओर से कल दिन में ढाई बजे राधा गोविन्द मंदिर जोड़ा कलान से भातुबस्ती राधे श्याम मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कल से चौदह जुलाई तक भातुबस्ती के राधे श्याम मंदिर में शाम छः बजे से राथर मेला और नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा तथा प्रसाद का वितरण भी होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से समय–समय पर आपातकालीन सेवाएं भी द्वीपवासियों को प्रदान की जाती रही है। स्वास्थ्य शिविरों के अलावा कई अन्य तरह के शिविर आयोजित कर लोगों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैम्पबेल बे में पीड़ित एक तीन वर्षीय बच्चे को इलाज के लिए इस केन्द्र में लाया गया। इस दौरान कैम्पबेल बे में चल रहे स्वास्थ्य शिविर में ड्यूटी पर तैनात भारतीय नौसेना के

सर्जिकल विशेषज्ञ सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर नवीन कुमार को सहायता के लिए बुलाया गया। पन्द्रह मिनट के भीतर नाक में घुसे दाने को निकाला गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्षा एम. रजनी ने बम्बूफ्लाट क्षेत्र में निर्माणाधीन जलयानों और शॉपिंग परिसर का दौरा किया। दौरे के दौरान अध्यक्षा को पूरी हो चुकी जलयानों और निर्माणाधीन जलयानों के बारे में जानकारी दी गई। मछुआरों ने अपनी समस्याएं रखी। अध्यक्षा ने इन समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास उठाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल दिन में बारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में साढ़े छः सौ से अधिक यात्री सवार है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

उधर, एम वी भारत सीमा की आठ जुलाई को सुबह सात बजे पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान होकर कार निकोबार की यात्रा के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। अब यह जहाज आठ जुलाई को सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

इनर व्हील क्लब पोर्ट ब्लेयर की ओर से जरूरतमंद बच्चों को किताबें उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था की गई। भातुबस्ती सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल ब्रुक्शाबाद में पुस्तक वितरण समारोह में क्लब की अध्यक्षा बख्तावर नोबल और सचिव कोमल आनन्द उपस्थित थी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सत्रह दशमलव पांच, मायाबंदर में सोलह दशमलव चार, लांग आइलैंड में बारह दशमलव पांच, हटबे मे दस दशमलव दो और कार निकोबार में दो दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम

संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि आगामी कुछ दिनों में द्वीपों के एकाध भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

<><><><><><><>